## संपादकीय

### सौगातों की सियासत

देश की राजधानी में मानसून के साथ चुनावी मौसम ने भी दस्तक दे दी है। लोकसभा चुनाव में मिली शिकस्त और दरकते जनाधार की चिंताओं के बीच आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने फिर मुफ्त का दांव खेला है। दिल्ली विधानसभा के पिछले चुनाव में 'बिजली हॉफ और पानी माफ' के नारे के बाद प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आये अरविंद केजरीवाल एक बार फिर मुफ्त की राजनीति का दांव चल रहे हैं। यह बात अलग है कि तब से बहुत कुछ बदल चुका है। पिछले पांच सालों से लगातार विवादों में रहने वाले दल को बदले हालात में पहले जैसे जनादेश हासिल करने का मुगालता तो कम से कम नहीं ही पालना चाहिए। पिछले दिनों उन्होंने मेट्रो व डीटीसी में महिलाओं को मुफ्त यात्रा का प्रलोभन दिया था। दरअसल, पिछली बार की तरह ही केजरीवाल चतुर राजनीतिक सुजान की तरह उस तबके को लक्षित कर रहे हैं, जिसके महीने के बिजली का खर्च दो सौ रुपये से कम होता है। यानी काम-धंधे की तलाश में दिल्ली की बस्तियों व झुग्गियों में रहने वाले लोग। जिसका भी बिल दो सौ यूनिट से एक यूनिट भी ज्यादा होगा, उसे चार सौ यूनिट तक आधा मूल्य चुकाना होगा। निःसंदेह केजरीवाल 'मुफ्त का चंदन, घिस रघुनंदन' की तर्ज पर नया दांव खेल रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने मीटरों के फिक्स किराये में भी भारी कमी की है। जाहिर सी बात है कि मुफ्त की राजनीति से व्यवस्थाएं चरमरा जाती हैं। जब पिछले सालों में दिल्ली में मुफ्त की बिजली बंटने लगी तो व्यवस्था का अर्थशास्त्र भी डगमगाया। जिसके बाद दिल्ली सरकार ने फिक्स किराये में छह गुना तक वृद्धि की, जिसे भाजपा व कांग्रेस ने पिछले लोकसभा चुनाव में मुद्दा बनाया था। अब उसी फिक्स किराये को कम करके आप ने विपक्ष से यह मुद्दा छीन लिया है। जाहिर है दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग यानी डीईआरसी ने वर्ष 2019-20 के लिये जो नयी बिजली की दरें घोषित की हैं, वे केजरीवाल सरकार की आसन्न विधानसभा चुनावों की रणनीति का हिस्सा है। मीटर के किराये में 84 फीसदी तक की कटौती इसी रणनीति का हिस्सा है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं कि जब भी कहीं मुफ्त कुछ देने की घोषणा राजनेता करते हैं, उसकी कीमत मेहनतकश व ईमानदार टैक्सदाता चुका रहा होता है। जिसका कर्मशील समाज में नकारात्मक संदेश जाता है। दूसरी बात जब भी कोई व्यवस्था लोकलुभावनी नीतियों का शिकार होती है तो निश्चित रूप से उसकी गुणवत्ता में गिरावट आती है। देश में रेलवे से लेकर तमाम ऐसे विभाग हैं जो राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की भेंट चढ़ गये। ऐसे संस्थान जो भरपूर मुनाफे की क्षमता रखते हैं, राजनीतिक संकीर्णताओं के कारण घाटे की अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन जाते हैं, जिसका खमियाजा कालांतर आम आदमी को ही उठाना पड़ता है। संपन्न व्यक्ति तो अपनी य शक्ति के बूते वैकल्पिक साधन तलाश ही लेता है। निश्चित रूप से केजरीवाल सरकार की मुफ्त बांटने की राजनीति का बोझ दिल्ली की विद्युत व्यवस्था को देर-सवेर उठाना पड़ेगा। राजनीतिक दल मुफ्त की राजनीति से बाज आयें, इसके लिये देश के नागरिकों को भी जागरूक करना होगा। अल्पकालिक लाभ के लिये व्यवस्था के दूरगामी भविष्य से खिलवाड़ करना जनता के हित में कभी नहीं हो सकता। यह हमारे लोकतंत्र की भी विसंगति ही है कि हम 21वीं सदी में भी अपने मतदाता को इतना जागरूक नहीं कर पाये कि वह देश के भविष्य और अल्पकालिक लाभों में भेद कर पाये। जिस दिन देश का मतदाता जागरूक होगा, प्रलोभन की राजनीति को सिरे से खारिज कर देगा। उस दिन केजरीवाल सरीखे नेताओं की दुकानें बंद होते देर नहीं लगेगी। कमोबेश यह स्थिति पूरे देश की है। राजनीतिक लाभ के लिये खैरात बांटने का सिलसिला सभी राज्यों में जारी है। आजादी के सात दशक बाद यह सिलसिला निश्चित रूप से अब बंद होना ही चाहिए।

# भारत ने विंडीज को 22 रनों से हराया, सीरीज जीती

**लॉडरहिल।** भारत ने रविवार को यहां सेंट्रल ब्रोवार्ड रिजनल पार्क स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी-20 मैच में विश्व विजेता वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुइस नियम के तहत 22 रनों से हराकर तीन मैचों की टी-20 सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 167 रन का स्कोर बनाय था। इसके जवाब में विंडीज की टीम ने 15.3 ओवर में चार विकेट पर 98 रन बना लिए थे कि तभी खराब मौसम के कारण खेल को रोक दिया गया।

इसके बाद खेल फिर दोबारा शुरू

नहीं हो सका और डकवर्थ लुइस नियम के तहत भारत को आधिकारिक रूप से 22 रनों से विजेता घोषित कर दिया गया। भारत ने पहला मैच चार विकेट से जीता था। विंडीज की ओर से रोवमैन पॉवेल ने सर्वाधिक 54 रन बनाए।

उन्होंने 34 गेंदों पर छह चौके और तीन छक्के लगाए। उनके अलावा निकोलस पूरन ने 19 और केरन पोलार्ड ने आठ गेंदों पर एक चौके की मदद से नाबाद आठ तथा शिमरन हेटमेयर ने चार गेंदों पर एक चौके के सहारे नाबाद छह रन बनाए।

भारत की ओर से क्रुणाल पांड्या ने दो और वाशिंगटन सुंदर तथा भुवनेश्वर कुमार ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले, रोहित शर्मा (67) के अर्धशतक की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज के सामने जीत के लिए 168 रनों का लक्ष्य रखा। भारत ने पूरे 20 ओवर खेलने के बाद पांच विकेट पर 167 रनों का स्कोर बनाया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को रोहित और शिखर धवन (23) ने पहले विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की। धवन ने 16 गेंदों पर तीन चौके लगाए। उन्हें कीमो पॉल ने बोल्ड किया।

धवन के आउट होने के बाद रोहित ने कप्तान विराट कोहली (28) के साथ भी दूसरे विकेट के लिए 48 रनों की साझेदारी की। रोहित टीम के 115 स्कोर पर ओशाने थॉमस की गेंद पर आउट हुए। रोहित ने 51 गेंदों की पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए तथा अपने करियर का 17वां अर्धशतक पूरा किया।

रोहित ने इसके साथ टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे अधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। रोहित ने मैच में दूसरा छक्का लगाने के साथ ही वेस्टइंडीज के ही क्रिस गेल के रिकार्ड को तोड़ दिया। रोहित अब गेल (105 छक्के) से आगे निकल गए हैं। गेल ने हालांकि 58 मैचों में इतने छक्के लगाए हैं।

## एचएसबीसी के समूह सीईओ पद से हटे

**हांगकांग(आरएनएस)।** वित्तीय संस्थान एचएसबीसी समूह के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जॉन फ्लिन्ट पद से हट गये हैं। वह इस पद पर दो साल से भी कम समय रहे। एचएसबीसी ने सोमवार को इसकी घोषणा की। बैंक ने यह भी कहा कि वाणिज्यिक बैंक इकाई के प्रमुख नोएल क्विन अंतरिम सीईओ होंगे। कंपनी के वित्तीय परिणाम की घोषणा से पहले यह महत्वपूर्ण एलान किया गया। लंदन मुख्यालय वाले बैंक का साल की पहली छमाही में कर पूर्व लाभ 15.8 प्रतिशत बढ़कर 12.4 अरब डॉलर रहा। एचएसबीसी में तीन दशक तक सेवा देने वाले फ्लिन्ट एशिया में काम कर रहे बैंक की लागत में कमी लाने को लेकर गंभीर थे। उन बैंक शाखाओं को अमेरिका तथा चीन के बीच व्यापार युद्ध तथा यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के बाहर होने का मामला लंबित होने के कारण अनिश्चतताओं का सामना कर पड़ रहा है। एचएसबीसी ने फ्लिन्ट के अचानक से पद से हटने का का कोई कारण नहीं बताया।

## पेट्रोल के भाव लगातार दूसरे दिन घटे, डीजल के दाम स्थिर

नईदिल्ली,05 अगस्त (आरएनएस)। पेट्रोल के दाम में सोमवार को लगातार पांचवें दिन देश के उपभोक्ताओं को राहत मिली। तेल विपणन कंपनियों ने फिर दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में पेट्रोल के दाम में 15 पैसे जबकि चेन्नई में 16 पैसे प्रति लीटर की कटौती की। हालांकि डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एक दिन पहले डीजल के दाम में कटौती की गई थी। देश की राजधानी दिल्ली में इन पांच दिनों में पेट्रोल के दाम में 49 पैसे प्रति लीटर की कमी आई है।

उधर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के भाव में फिर गिरावट आई है जिससे पेट्रोल और डीजल के दाम में और राहत मिलने की संभावना बनी हुई है। इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार, दिल्ली, कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम घटकर क्रमशः 72.37 रुपये, 75.06 रुपये, 78.02 रुपये और 75.18 रुपये प्रति लीटर हो गए हैं। हालांकि चारों महानगरों में डीजल के दाम भी पूर्ववत क्रमशः 65.94 रुपये, 68.17 रुपये और 69.11 रुपये और 69.64 रुपये प्रति लीटर बन हुए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय वायदा बाजार आईसीई पर ब्रेंट क्रूड के अक्टूबर अनुबंध में सोमवार को 1.42 फीसदी की गिरावट के साथ 61.01 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार चल रहा था। वहीं, नायमैक्स पर अमेरिकी लाइट क्रूड डब्ल्यूटीआई का सितंबर वायदा अनुबंध 1.28 फीसदी की गिरावट के साथ

## नये खिलाड़ियों को भी मौका देंगे: विराट

**लौडरहिल।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ तीन ट्वंटी 20 मैचों की सीरीज़ कब्ज़ाने के बाद टीम के प्रदर्शन को सराहते हुये नये खिलाड़ियों को मौका दिये जाने के संकेत दिये हैं।

भारत ने फ्लोरिडा के लौडरहिल में तीन ट्वंटी 20 मैचों की सीरीज़ के शुरूआती दो मैचों में जीत दर्ज करने के बाद सीरीज़ में 2-0 की अपराजेय बढ़त बना ली है और अब तीसरा मैच वेस्टइंडीज़ के प्रोविडेंस में छह अगस्त को खेला जाएगा। भारत ने वर्षा बाधित

अपना दूसरा मैच 22 रन से डकवर्थ लुईस नियम से जीता जिसमें सलामी बल्लेबाज़ रोहित शर्मा ने 67 रन बनाये जबकि ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने नाबाद 20 रन और 23 रन पर दो विकेट का हरफनमौला खेल दिखाया।

विराट ने मैच जीतने के बाद कहा, जीतना हमेशा हमारी प्राथमिकता होती है और सीरीज़ जीतने के बाद अब हमारे पास नये खिलाड़ियों को मौका देने का मौका रहेगा। भारतीय टीम अब फाइनल मैच के लिये गुयाना रवाना होगा जहां बाकी की सीरीज़ मेज़बान वेस्टइंडीज़ में खेली जाएगी। कप्तान के संकेत के बाद माना जा रहा है कि स्पिनर राहुल चाहर को आखिरी मैच में जगह दी जाए जबकि उनके भाई दीपक चाहर भी टीम में जगह पा सकते हैं।

## सुजुकी मोटर की परिचालन आय अप्रैल-जून में 46 प्रतिशत गिरी

**तोक्यो(आरएनएस)।** जापान की सुजुकी मोटर कॉर्प की एकीकृत शुद्ध बिक्री अप्रैल-जून तिमाही में 80 अरब येन (8.1 प्रतिशत) गिरकर 907.5 अरब येन रह गई। इसकी अहम वजह भारतीय बाजार में कंपनी के वाहनों की बिक्री और साथ ही साथ जापान में उत्पादन घटना है। कंपनी ने एक बयान में जानकारी दी कि उसकी परिचालन आय 53.8 अरब येन (46.2 प्रतिशत) घटकर 62.7 अरब येन रही है। इसी तरह मातृ कंपनी के मालिकों (शेयरधारकों) की शुद्ध आय 45.4 अरब येन (52.8 प्रतिशत) गिरकर 40.5 अरब येन रह गयी। कंपनी ने कहा, ''पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2019) में शुद्ध बिक्री एवं आय में गिरावट की प्रमुख वजह अंतिम निरीक्षण ढांचे का पुनर्गठन करने से जापान में उत्पादन का घटना और भारतीय वाहन बाजार में बिक्री का कम होना है।'' कंपनी की शुद्ध बिक्री इस तिमाही में पाकिस्तान और इंडोनेशिया जैसे बाजारों में उसके वाहनों की बिक्री नीचे आने से भी घटी है।

## आज का राशिफल

मेषः- कारोबार सामान्य रहेगा। मनोरंजन कार्य पर खर्च होगा। आज आपको अपनी प्रतिभा का लाभ मिलेगा और आपकी पहचान बनेगी।

वृषभः- आज के दिन कोई नया कार्य न शुरू करें। जोखिमपूर्ण निवेश करने से बचें। पूरे दिन किसी से वाद-विवाद में न पड़ें।

मिथुनः- पराक्रम में वृद्धि होगी। आज आपका मनोबल बढ़ेगा। कारोबार में बढ़ोत्तरी होगी। नए संपर्क बनेंगे जिनके होने से आपको लाभ होगा।

कर्कः- लेन-देन के कार्यों में सावधान रहें। धन निवेश करते समय विशेष सावधानी बरतें। आज किसी को उधार न दें, क्योंकि आज दिए हुए धन के वापस आने की संभावना कम है।

सिंहः- प्रत्येक कार्य के लिए आज खुद से प्रयास अथवा स्वयं कोशिश करने से ही सफलता मिलेगी।

कन्याः- खर्च की अधिकता रहेगी। किसी न किसी कारण से अनावश्यक खर्च होने के संकेत मिल रहे हैं। व्यर्थ की यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

तुलाः- आपकी आमदनी में बढ़ोत्तरी होगी। धन लाभ होगा। जोखिमपूर्ण निवेश करें तो लाभ अवश्य मिलेगा।

वृश्चिकः- आपका सितारा अनुकूल है। आपको हर क्षेत्र में लाभ के साथ सफलता प्राप्त होगी। कामकाज में आ रहीं बाधाएं दूर होंगी।

धनुः- आपकी धार्मिक प्रवृत्ति में बढ़ोत्तरी होगी। समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आपके विरोधी परास्त होंगे और यात्रा लाभकारी रहेगी।

मकरः- आज परिश्रम अधिक और लाभ कम रहेगा। कार्यों में बाधाएं आने की आशंका है। आज यात्रा करने से बचें।

कुंभः- अगर कोई नया रोजगार शुरू करने की सोच रहे हैं, तो यह समय बहुत शुभ है इसलिए अवश्य प्रारंभ कर सकते हैं। आपको इसमें सफलता अवश्य मिलेगी।

मीनः- आज संघर्ष के बाद सफलता अवश्य मिलेगी। कोई नया ऑर्डर अथवा अनुबंध मिलने की संभावना है। शत्रु बलहीन रहेंगे। भाग्य 50 प्रतिशत साथ देगा।

## बाजार में जबरदस्त गिरावट, सवा पांच सौ अंक लुढ़का सेंसेक्स

**मुम्बई(आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में बदलते हालात के मद्देनजर घरेलू शेयर बाजारों में निवेशकों का विश्वास डगमगा गया और चौतरफा बिकवाली के बीच प्रमुख सूचकांकों में भारी गिरावट देखी गयी। बीएसई का 30 शेयर वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सवा पांच सौ अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी करीब 148 अंक तक लुढक गया। बाजार

में शुरू से ही गिरावट देखी गयी। सेंसेक्स 276.05 अंक लुढ़कर 36842.17 अंक पर खुला और कुछ ही देर में 36593.32 अंक तक उतर गया। खबर लिखे जाते तक सेंसेक्स पिछले करोबारी दिवस की तुलना में 446.36 अंक यानी 1.20 प्रतिशत की गिरावट में 36671.86 अंक पर था।

निफ्टी भी 101.45 अंक टूट कर 10895.80 अंक पर खुला और 10836.50 अंक तक उतर गया।

## बीते सीजन जो कहा था उसका पछतावा नहीं: मेसी

**बार्सिलोना।** स्पेन के दिग्गज क्लब बार्सिलोना के कप्तान लियोनेल मेसी ने कहा है कि बीते सीजन यूईएफए चैंपियन्स लीग में जो हुआ उसके बाद प्रशंसकों के सामने आना मुश्किल था। उन्होंने साथ ही कहा कि बीते सीजन उन्होंने जो कहा था उसका पछतावा उन्हें नहीं है और वह इस बार भी वही बात दोहराएंगे। मेसी ने कहा, मुझे किसी भी चीज का पछतावा नहीं है।

## सोना 800 रुपये चढ़कर 37,000 रुपये के करीब पहुंचा, चांदी 1,000 रुपये चढ़ी

**नई दिल्ली(आरएनएस)।** वैश्विक स्तर पर दोनों कीमती धातुओं में एक प्रतिशत से ज्यादा तेजी और डॉलर की तुलना में रुपये में रही भारी गिरावट के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना सोमवार को 800 रुपये उछलकर रिकॉर्ड 36,970 रुपये प्रति दस ग्राम पर पहुँच गया। यह 11 जुलाई के बाद सोने की सबसे बड़ी और पिछले एक महीने में तीसरी सबसे बड़ी तेजी है। इससे पहले आम बजट के अगले दिन 06 जुलाई को सोना 1,300 रुपये और 11 जुलाई को 930 रुपये प्रति दस ग्राम मजबूत हुआ था।

चाँदी भी एक हजार रुपये उछलकर 43,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुँच गयी। सफेद धातु 14 अप्रैल 2017 के बाद पहली बार 43 हजारी हुई है जबकि आज की इसकी कीमत दो मार्च 2017 के बाद सर्वाधिक है। कारोबारियों ने बताया कि विदेशों में सोने के छह साल के उच्चतम स्तर पर पहुँचने और डॉलर के मुकाबले रुपये में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट से पीली धातु मजबूत हुई है।

## डेजर्ट में बनाएं टेस्टी पैनकेक और जीत लें सबका दिल

### सामग्री :

आटा- 1-2 कप, बेकिंग पाउडर- 3 चम्मच, चीनी- 1/4 कप, दूध- 2 कप, अंडा- 1, मक्खन- 3 टेबलस्पून

### विधि :

मक्खन को माइक्रोवेव में 30 सेकंड तक रख कर इसे पिघला लें। अब एक बाउल में आटा, चीनी और बेकिंग सोडा मिलाएं। इसके बाद इसमें दूध और अंडा मिक्स करें। अब इसमें मक्खन और दूध मिलाकर अच्छी तरह फेटें।

जब तक कि यह गाढ़ा सा पेस्ट न बन जाएं। थोड़ी देर के लिए पेस्ट रख दें। अब पैन को गमज़ करें और उस पर गहरे चम्मच से इस बैटर को उस पर अच्छे से फैलाएं। 3-6 मिनट तक इसे सुनहरा होने तक पकाएं। सर्व करते समय ऊपर से शहद डाल दें।

## शब्द सामर्थ्य- 47

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 45 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## सू-दोकू- 47

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.45 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |